Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding review of import of Arhar Dal to help the farmers.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा): धन्यवाद, सभापति महोदय । मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्या
आकर्षित करना चाहता हूं कि मेरे संज्ञान में आया है कि भारत सरकार द्वारा अरहर दाल के आयात को ए
साल के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। इसके कारण अरहर दाल और तुअर के दामों में गिरावट देखी जा र
है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनकी फसल की कीमत निकलना श
मुश्किल हो रहा है। अत: मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि अरहर दाल के आयात पर तत्काल जून महीने त
रोक लगाई जाए, ताकि किसानों की निकाली हुई तुअर की फसल बाजार में बिक सके और अरहर दाल व
उचित दाम मिल सके। अगर आवश्यकता पड़े तो आवश्यकतानुसार अरहर दाल का आयात किया जाए
मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप इस संबंध में अवश्य निर्देश देते हुए किसानों के हित में कार्रवा
करेंगे। इसके लिए मैं आपके प्रति आभारी रहूंगा। धन्यवाद।